हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 कलेक्टर ने विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों एवं ...



14 ओउपार्जन केंद्र सांकरा में विधिवत पूजा कर धान...





## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद**। शराब की अवैध बिक्री करने वाले एक व्यक्ति के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिसको सूचना मिली थी कि पुराना भट्ठी रोड जोगी तालाब के पास सरायपाली में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम गुलाब जांगड़े पिता लक्ष्मण जांगड़े (29 वर्ष) नूनपानी थाना सरायपाली होना बताया। आरोपी के कब्जे से 3 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 300 रुपए कोजब्त धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद**। लड़ाई झगड़ा करने वाले युवकों को मना कर रहे एक अन्य युवक के साथ मारपीट की घटना में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस के अनुसार 23 नवंबर की रात करीब 7:30 बजे गौरा चौरा के पास कुम्हारपारा महासमुंद में कुछ लोग लड़ाई झगड़ा और गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें विवाद करने से वार्ड 22 श्रीराम कॉलोनी निवासी टिकेश्वर साहू ने मना किया। जिस पर आरोपी सागर, साहिल और सोनू यादव ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुए प्रार्थी के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान सोनू यादव द्वारा पास में पड़े ईंट से दाहिने आंख के पास मारा, जिससे प्रार्थी को चोट लगी है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## धान खरीदी : जिले में कटाई के बाद बढ़ेगी धान की आवक

# अब तक 2.45% ही धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू हो चुकी है। अवकाश के दिनों को छोड़ दिया जाए तो सोमवार को 7 वें दिन खरीदी हुई। पिछले 6 दिनों में जिले में लक्ष्य के विरूद्ध मात्र 2.45 प्रतिशत ही खरीदी हो पाई है। लेकिन, सहकारी समितियों के प्रबंधक, ऑपरेटरों व अन्य कर्मचारियों के हड़ताल से लौट आने के बाद अब खरीदी में तेजी तो आएगी ही। इधर, जिलेभर में धान की कटाई भी तेजी से हो रही है। जिसके बाद उपार्जन केंद्रों में भी आने वाले समय में धान की आवक भी बढ़ेगी।

बता दें कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से पहले ही सहकारी समितियों के प्रबंधक, ऑपरेटर व अन्य कर्मचारी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए।

इधर, प्रशासन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के बीच 15 नवंबर से धान की खरीदी शुरू हुई। पर, धान खरीदी में कई प्रकार की समस्याएं सामने आने लगी और खरीदी प्रभावित हुई। शुरूआत के कुछ दिनों तक तो जिले के कई उपार्जन केंद्रों में धान का एक दाना भी नहीं खरीदा जा सका। गत गुरुवार की शाम सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हुई और वे शुक्रवार से काम पर लौटे, जिसके बाद धान खरीदी सुचारू रूप से चलने लगी।

जानकारी के अनुसार धान खरीदी की शुरूआत हुए आज 9 वां दिन है पर 16, 22 व 23 को अवकाश के चलते धान खरीदी नहीं हुई। गत 6 दिनों में पूरे जिले के 130 समिति के 182 धान उपार्जन केंद्रों में 3768 किसानों से कुल 2 लाख 5 हजार 343 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। इस साल जिले में 1 लाख 53 हजार 841 किसानों से कुल करीब 12 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रख गया है।



**जोरों पर कटाई**

किसानों ने बताया कि खराब मौसम से खेतों में नमी अधिक थी ऐसे में धान की कटाई बाधित हो रही थी। पर, पिछले दिनों से मौसम साफ और तेज धूप के चलते धान कटाई ने जोर पकड़ा है। किसानों ने बताया कि बावजूद धान काटने के लिए सामान्य और चेन हार्वेस्टर से धान की कटाई हो रही है। किसानों ने बताया कि हाथ से धान काटने वाले मजदूरों की कमी है, जो हैं वे 250-300 रुपए रोजी मांगते हैं। जहां सामान्य हार्वेस्टर पहले 2200 से 2500 प्रति एकड़ लेते थे अब तीन-साढ़े तीन हजार रुपए प्रति घंटे तक है।

## गुरु तेगबहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ पर निकाली गई शहीदी यात्रा





**महासमुंद**। नगर में सिख समाज ने गुरु तेगबहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ को श्रद्धापूर्वक मनाया गया है। इस अवसर पर नगर में भव्य शहीदी यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा के दौरान कीर्तन और प्रवचन हुए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। समाज ने गुरु जी के बलिदान और मानवता के संदेश को याद किया।

### स्थाई वारंट तामिली के लिए जिले में चलाया जा रहा अभियान

**महासमुंद**। पुलिस महानिरीक्षक के मार्गदर्शन में जिला महासमुंद में स्थाई वारंट तामील हेतु अभियान चलाया जा रहा है। लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलग्न स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों को जेल में निरुद्ध कराया गया है। महासमुंद पुलिस द्वारा 24 नवंबर को 18 स्थाई वारंट एवं 15 गिरफ्तारी वारंट तामील कराया गया है।

### रेमड़ा में महिला के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। ग्राम रेमड़ा में एक महिला के साथ मारपीट के मामले में दो महिलाओं के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया सरस्वती बंछोर ने बताया कि वह अपने पति राजन द्विवेदी के साथ ग्राम रेमड़ा अपने घर में रहती है। 23 नवंबर को वह घर पर अकेली थी, शाम करीबन सात बजे उसकी भाई बहू चंपा ने घर मेरा है और तुम घर से चले जाओ कहते हुए गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं हंसिया से मारपीट की, जिससे उसके सिर में चोट आई। इस दौरान मां धनबाई ने भी उसके साथ डंडे से मारपीट की। जिससे बांये हाथ कलाई पर चोट आई है। इसके बाद फिर रात्रि 12 बजे उसकी मां धनबाई एवं भाई बहू चंपा द्वारा घर से भाग जाओ कहकर सब कपड़ों को बाहर फेंक दिया। प्रार्थिया ने मामले की जानकारी ग्राम कोटवार को देने के बाद बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट लिखाई, जिस पर धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 17 हजार से अधिक महिलाओं की अटकी ई-केवाईसी, अगली किश्त से हो सकती हैं वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना जिले की लाखों महिलाओं के लिए एक बड़ा सहारा बनी हुई है। जिले में 3,22,519 महिलाओं को इस योजना का नियमित लाभ मिल रहा है। हालांकि, एक बड़ी लापरवाही के कारण इन लाभार्थियों में से 17 हजार से अधिक महिलाओं पर योजना की अगली किस्तों से वंचित होने का खतरा मंडरा रहा है। इन महिलाओं ने अब तक अपना ई-केवाईसी अपडेट नहीं कराया है, जिसे योजना का लाभ जारी रखने के लिए अनिवार्य कर दिया गया है।

महतारी वंदन योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं के खातों में हर महीने 1000 रुपए की राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से डाली जाती है। योजना में पारदर्शिता बनाए रखने, फर्जीवाड़े को रोकने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि राशि केवल पात्र हितग्राहियों को ही मिल रही है, सरकार ने सभी लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी को अनिवार्य कर दिया है। ई-केवाईसी के अभाव में, सत्यापन की प्रक्रिया अधूरी मानी जाती है और ऐसे में संबंधित महिला का नाम भुगतान सूची से हटाया जा सकता है।



### 17 हजार से अधिक महिलाओं की ई-केवाईसी लंबित

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जिले की 3.22 लाख से अधिक लाभार्थियों में से 17 हजार से अधिक महिलाओं ने अभी तक अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं की है। योजना के तहत लगातार लाभ प्राप्त करने के लिए राज्य शासन ने सभी पात्र महिलाओं के लिए ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य कर दिया है।

### अगली किस्त से हो सकती हैं वंचित

जिन महिलाओं का ई-केवाईसी लंबित है, उन्हें आने वाली किस्तों से वंचित किया जा सकता है। ई-केवाईसी नहीं होने का मतलब है कि लाभार्थी का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है या आधार विवरण अमान्य है, ऐसी स्थिति में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से राशि का भुगतान अस्थायी रूप से रोक दिया जाएगा। यह उन हजारों परिवारों के लिए एक बड़ा झटका होगा।



## खबर संक्षेप



### बिरकोनी में मितानिन दिवस पर सम्मान पाकर गदगद हुई मितानिन

**बिरकोनी**। ग्राम पंचायत बिरकोनी में रविवार को मितानिन दिवस मनाया गया। ग्राम पंचायत सरपंच चंदन चंद्राकर व पंचों ने भारत माता के चलचित्र पर मल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरपंच चंदन चंद्राकर ने मितानिनों द्वारा सेवा भाव से किए गए कार्यो की प्रशंसा करते हुए बताया कि कोरोनाकाल में मितानिनों ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सहित अन्य सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करते हुए पूरे देश के सामने मिसाल कायम की है। अच्छे कार्य के लिए हमेशा प्रेरित किया है, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में मितानिनों की भूमिका अहम है, जो सभी कड़ी को जोड़ कर रखती है। सरपंच ने इंदु यादव, संध्या यादव, देवकी साहू, सुरजा बेहरा को श्रीफल एवं साड़ी भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपसरपंच गिरीश चंद्राकर, पूर्व उपसरपंच प्रतिनिधि बलराम पटेल, बबलू चंद्राकर, फगुलाल साहू, डोलू साहू, गोविंद साहू, जगदीश साहू, ओमप्रकाश निर्मलकर, गिरधारी पटेल, भूषणु निषाद सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हथियार लहराकर लोगों को डरा रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद**। आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल तुमाडबरी के पास हथियार लहराकर लोगों को डराने व आतंकित करने वाले युवक पर कार्रवाई की। कोतवाली पुलिस ने बताया कि आरोपी युगल किशोर पिता संतकुमार निर्मलकर (27 साल) निवासी ग्राम बनसिवनी हाथ में एक बड़ा चाकू लेकर लहराते हुए आमजनों को आतंकित कर रहा है। मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ा गया और धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**आयोजन:** डाइट में अभिनंदन समारोह में सम्मिलित हुए विधायक

# राष्ट्र निर्माण में भावी शिक्षकों का अमूल्य योगदान होनी चाहिए : योगेश्वर सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में नवप्रवेशी प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों के अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत स्काउट गाइड एवं भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में संदीप दीवान, राहुल चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, संदीप घोष, रमेश साहू, लक्ष्मीकांत पाणिग्राही, पूर्व प्राचार्य मीना पाणिग्राही रहे।





इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्राध्यापकों का अभिनंदन करते हुए मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में भावी शिक्षकों का अमूल्य योगदान होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही संस्कृति व संस्कार के संवाहक होते हैं। इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन में येतराम साहू ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रुप में हम सभी देखना चाहते हैं। इस संकल्पना के लिये शिक्षकों का योगदान अपेक्षित है। रेडक्रास सोसायटी के सभापति संदीप दीवान ने कहा कि शिक्षकों के हथेली से ही सृष्टि एवं प्रलय का उद्भव होता है। अतिथियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य अरुण प्रधान द्वारा स्वागत भाषण सह प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य अरुण प्रधान ने विविध आवश्यकताओं के आधार पर मांग पत्र विधायक के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अभिनंदन समारोह सह प्रवेशोत्सव के अवसर पर साहित्यिक सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन के निर्देशन में नयनाभिराम सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रमों में द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापिका तनूजा ध्रुव द्वारा प्रस्तुत कत्थक की प्रस्तुत ने हृदय जीत लिया। तनूजा, गुंजा, सरिता, राजश्री मरावी, मीना ठाकुर द्वारा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर कार्यालयीन सदस्य योगेंद्र पांडे द्वारा प्रस्तुत सुमधुर शिव भजन को अतिथियों द्वारा खूब सराहा गया। अभिनंदन समारोह की विहंगम तैयारियों को देखकर अतिथियों ने सराहना की।

इस अवसर पर प्रमुख रुप से गोविन्द ठाकुर, सूर्य प्रताप सिंह, बंटी शर्मा, शरद मराठा, नरेश नायक, लिलेश साहू, पूर्व सदस्य प्रकाश प्रधान, वरिष्ठ व्याख्याता राजेश चंद्राकर, उमादेवी शर्मा, संतोष साहू, टेकराम सेन, किरण कन्नौजे, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, सुनील साहू, आकांक्षा साहू, प्रदीप साहू, योगेंद्र पांडे, सुषेण दीवान, सुनील मरकाम, राधा साहू सहित प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकगण अजय, उदित, हीरामन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता टेकराम सेन एवं आभार प्रदर्शन, उमादेवी शर्मा एवं राजेश चंद्राकर ने किया।

## जिला स्तरीय सर्व सतनामी समाज का सतनाम संदेश यात्रा 14 को

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र द्वारा जिला स्तरीय बैठक स्थानीय सतनाम भवन बेमचा भाठा महासमुंद में 22 नवंबर शनिवार को आहूत की गई थी। बैठक में जिले के सामाजिक पदाधिकारी और समाजजनों द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास के संदेश 'मनखे मनखे एक समान' को राष्ट्र के कोने-कोने में जन-जन तक पहुंचाने व गुरु पर्व 18 दिसंबर बाबा गुरुघासीदास की जयंती को लेकर चर्चा हुई तथा जिले के समस्त समाजजन द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय सतनाम शोभा यात्रा जिला मुख्यालय महासमुंद में 14 दिसंबर रविवार को 11 बजे निकाली जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए छग सतनामी मुक्ति केंद्र के संरक्षक त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि बाबा गुरु घांसीदास की जयंती एवं उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने बाबा के जयंती शांतिपूर्वक मनाने की बात रखी। संस्था के जिलाध्यक्ष सत्यानंद जेण्ड्रे द्वारा भी समाज को एक नई दिशा देते हुए कहा कि समाज द्वारा बाबा के जयंती को बगैर नाच गम्मत के शांतिपूर्ण भव्य रूप से मनाने की अपील की है। समाज को संबोधित करते हुए चन्द्रसेन ने सभी समाजजन को संबोधित करते हुए कहा कि शोभा यात्रा वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण तरीके से करें। बैठक का संचालन श्यामलाल ने किया। शोभायात्रा के माध्यम से बाबा गुरुघांसीदास के बताए मार्ग व संदेश समस्त मानव समाज तक पहुंचाने का संकल्प लेते हुए सचिन



गायकवाड़ (जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ), महेंद्र कोसरिया (जिला उपाध्यक्ष), नीतूरानी बांधे (जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ), अश्वनी कुमार, अरविंद प्रहरे, राहुल आवड़े (पार्षद) व समस्त उपस्थित सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की। बैठक में विशेष रूप से गैंदराम जांगड़े, मैना कोसले, केशवराम कोसरे, किशुन पाटले, भागवत योगी, कुमार ढीढी, सत्यप्रकाश साय, चंद्रप्रकाश ढीठी, चेलक, हीरामन धृतलहरे, आनंदराम बाघमारे, भीम बंजारे, चैतूराम मारकंडे, डीआर जेंड्रे, कांतियोगी, जीवनलाल कुर्रे, बलराम कोसरिया, नंदकुमार, परसराम, एसएल सोनी, रामेश्वर भारती, भूपेंद्र कुमार, देवकुमार, पुरुषोत्तम, गुलाब, मेलाराम, बालकदास, कुंजलाल, गंगासागर आदि समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएलओ कांति बाई तथा वालेंटियर सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार संपूर्ण छत्तीसगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है। जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये बसना विधानसभा के बीएलओ कांति बाई पारेशर एवं वालेंटियर गोपीनाथ चौधरी को मतदान केंद्र कोटगढ़ में 764 मतदाताओं का शत प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइजेशन पूर्ण किया। उनके इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय लंगेह द्वारा कलेक्टर कक्ष में आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र एवं शाल-श्रीफल से सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तहसील पिथौरा के संपूर्ण टीम का उत्साहवर्धन किया और अच्छा कार्य करते हुए एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इससे प्रेरित होकर शेष बीएलओ भी अपने कार्य का समय सीमा में पूर्ण करें।

# तोगड़िया एवं पुष्पेंद्र के आगमन को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्थानीय स्वाध्याय भवन में सर्व हिंदू समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष, श्रीराम मंदिर आंदोलन के प्रणेता एवं हिंदू प्रथम के सिद्धांत पर अपना सारा जीवन समर्पित करने वाले डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया का आगमन 27 नवंबर गुरुवार को होने जा रहा है। डॉ तोगड़िया 27 नवंबर की शाम 7 बजे महासमुंद के शंकराचार्य भवन में हिंदुओं की एकजुटता के विषय पर मार्गदर्शन करते हुए समरसता एवं समसामयिक विषयों पर अपना उद्बोधन देंगे।

वहीं प्रसिद्ध व प्रखर राष्ट्रवादी वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का व्याख्यान 16 दिसंबर 2025 की शाम 5 बजे महासमुंद के शंकराचार्य भवन में होगा। जिसमें युवा पीढ़ी में राष्ट्रवाद एवं आत्मविश्वास के विषय पर मार्गदर्शन करते हुए भारत विश्व गुरु कैसे बन सकता है, इस पर अपना विचार प्रकट करेंगे। डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया एवं पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ के आगमन को लेकर सर्व हिंदू समाज महासमुंद के सदस्यों ने बैठक कर कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार एवं शंकराचार्य भवन में होने वाले उद्बोधन की तैयारियों के लिए सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी।

बैठक में सर्व हिंदू समाज से देवेंद्र दुबे, आरएस चंद्राकर, राम कुमार साहू, बिपिन बिहारी महंती, भरत चंद्राकर, रमेश साहू, पंकज चंद्राकर, आनंद साहू, रितेश गोलछा, अग्रज शर्मा, विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष हर्ष चंद्राकर, नंदकुमार साहू, प्रदीप वर्मा, उत्तम वर्मा, उदय राम साहू, सुरेंद्र महाराज, लोकेश दावड़ा, प्रकाश यादव, गौ सेवा आयोग के जिला अध्यक्ष नीलेश पटेल, रामेश्वर पांडे, ईवन साहू, लोकेश साहू, उमेश साहू, भेख राम साहू, नितेश श्रीवास्तव मौजूद रहे। अखिलेश लूनिया, श्रीकांत नासरे, खम्मन यादव सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी उपस्थित हुए।

# किसान वृक्ष मित्र योजना, किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम

**महासमुंद**। छग शासन की महत्वाकांक्षी किसान वृक्ष मित्र योजना कृषकों और अन्य हितग्राहियों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना का उद्देश्य निजी भूमि पर वाणिज्यिक प्रजातियों के वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करना तथा हितग्राहियों को उनके उत्पाद का बाय-बैक सहयोग उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी आय में सतत वृद्धि सुनिश्चित हो सके। वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय ने बताया कि योजना के तहत भूमि स्वामी, शासकीय/अर्ध-शासकीय संस्थाएं, निजी शिक्षण संस्थान, एनजीओ, पंचायतें तथा भूमि अनुबंध धारक लाभ लेने के पात्र हैं। हितग्राहियों का चयन वन विभाग के क्षेत्रीय अमले एवं प्रेरकों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 5 एकड़ तक की भूमि पर अधिकतम 5000 पौधों के रोपण के लिए100 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसी तरह 5 एकड़ से अधिक भूमि पर प्रति एकड़ अधिकतम 1000 पौधों पर 50 प्रतिशत अनुदान, निजी संस्थानों, ट्रस्ट, पंचायतों एवं लीजधारकों के लिए वन विभाग द्वारा 50 प्रतिशत अंशदान का प्रावधान है। रोपण का संपूर्ण कार्य हितग्राही द्वारा किया जाएगा, जबकि तकनीकी मार्गदर्शन, सहयोग और समन्वय वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। रोपण के लिए उपलब्ध प्रजातियों में मिलिया डुबिया (मालाबार नीम), टिश्यू कल्चर बांस, टिश्यू कल्चर सागौन, क्लोनल नीलगिरी, चंदन सहित अन्य आर्थिक रूप से लाभकारी प्रजातियों का रोपण कराया जा रहा है। वनमंडलाधिकारी ने बताया कि प्रजातियों के आधार पर निश्चित अवधि उपरांत प्रति एकड़ प्रति वर्ष लगभग 15 हजार से 5 लाख रुपये तक सकल लाभ प्राप्त किया जा सकता है, जो किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। इच्छुक हितग्राही अपने नजदीकी वन परिक्षेत्र कार्यालय में आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

## श्याम बालाजी महाविद्यालय में हुआ सीसीए कार्यक्रम

**महासमुंद**। श्याम बालाजी महाविद्यालय में सीसीए (पाठ्य सहगामी क्रियाएं) के अंतर्गत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंकिता चंद्राकर,अंश चंद्राकर एवं मुख्य अतिथि के रूप में छाया जवाहर, सुधा चंद्राकर, मीना वर्मा एवं ममता जायसवाल उपस्थित रहीं। अतिथियों का पारंपरिक रीति-रिवाजों से स्वागत किया गया। महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक उमा चौधरी ने बताया कि सीसीए हमारे पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण अंग है। सभी विद्यार्थियों को यह गतिविधि करना चाहिए। विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सांस्कृतिक चेतना एवं पारंपरिक मूल्यों के प्रति संस्कृति को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में बीएड के तृतीय सेमेस्टर और प्रथम सेमेस्टर छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न कर्मा सुआ एवं बारहमासी में त्योहारों के लोक संस्कृति की सुंदर झलक जैसे पारंपरिक लोकनृत्यों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभा को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रस्तुतियों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं को प्रभावशाली रूप से प्रदर्शित किया। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों में उत्साह, प्रतिभा और सांस्कृतिक ज्ञान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और उन्होंने उद्बोधन के माध्यम से सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अंकिता चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ संजय साहू, निर्मल कुमार बंजारे, टोपराम कुर्रे, शीतल साहू व डिंपल साहू आदि मौजूद रहे।

## अद्वितीय सेवाओं के लिए वरिष्ठ अभिकर्ता बसंत का हुआ सम्मान



**महासमुंद**। एलआईसी के वरिष्ठ अभिकर्ता बसंत कुमार जैन को चेन्नई में आयोजित चेयरमैन क्लब सम्मेलन में उनकी अद्वितीय सेवाओं और 25 वर्षों तक लगातार चेयरमैन क्लब मेंबर बने रहने के उपलब्धिपूर्ण कार्यकाल के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। सम्मेलन में एलआईसी के राष्ट्रीय चेयरमैन दूरई स्वामी ने उन्हें सम्मानित किया। सम्मान ग्रहण करते हुए जैन ने कहा कि यह उपलब्धि उनके ग्राहकों, सहकर्मियों और परिवार के सहयोग का परिणाम है। आगे भी वे इसी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ समाज को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने का कार्य जारी रखेंगे। सम्मान प्राप्त होने पर शाखा से ब्रांच मैनेजर एसके ठाकुर समेत सभी अभिकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

# लोहराकोट कॉलेज में जनजातीय गौरव दिवस पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय आदर्श महाविद्यालय लोहराकोट में जनजातीय गौरव दिवस पर एक प्रेरणादायक और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिवस जनजातीय समाज के नायकों के अतुलनीय योगदान को समर्पित रहा, जिसमें महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। जनजातीय गौरव दिवस का उद्देश्य और पीएम मोदी की संकल्पना



कार्यक्रम की शुरुआत में जनजातीय गौरव दिवस (15 नवंबर) को मनाने के पीछे के उद्देश्य को स्पष्ट किया गया। वक्ताओं ने बताया कि इस दिवस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर स्थापित किया गया है। इसके प्रमुख उद्देश्य हैं इसमें जनजातीय बलिदान का सम्मानः भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण में जनजातीय नायकों के अभूतपूर्व बलिदान को राष्ट्र के समक्ष लाना। युवाओं को प्रेरणाः देश की युवा पीढ़ी को जनजातीय नायकों के साहस और राष्ट्रभक्ति से परिचित कराना। जनजातीय संस्कृति का संरक्षणः जनजातीय संस्कृति, जीवन-मूल्यों और परंपराओं के प्रति सम्मान बढ़ाना है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कमलेश डड़सेना ने प्रधानमंत्री की इस पहल की सराहना की और भारतीय इतिहास के ऐसे नायकों को पहचान दिलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 'उलगुलान' (महान विद्रोह) और उनके जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के त्याग को भी याद किया और बताया कि कैसे उन्होंने गरीबों को भोजन उपलब्ध कराने तथा अन्याय के विरुद्ध खड़े होने के लिए अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज कोसरिया, कार्यक्रम संयोजक डॉ. एसएस दीवान, कार्यक्रम उप-संयोजक एस विशाल, नोडल अधिकारी पी ठाकुर समेत महाविद्यालय के व्याख्यातागण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# समाज और देश की तरक्की में रेडियो की अहम भूमिका : शशांक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व विरासत सप्ताह के अंतर्गत भारतीय सांस्कृतिक निधि इन्टैक महासमुंद अध्याय द्वारा रेडियो हमारी धरोहर विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन 23 नवंबर रविवार को स्थानीय पुराना रेस्ट हाऊस में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 60 -70 के दशक में आकाशवाणी रायपुर के प्रसिद्ध युगल गायक कलाकार लव-कुश शर्मा की जोड़ी 76 वर्षीय कुश शर्मा थे। इस अवसर पर उन्होने रेडियो में गाये गीतों को प्रस्तुत कर उपस्थित सभी श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। उनमें से सबसे ज्यादा प्रसारित सराहे जाने वाले गीत अड़बड़ लाहो लेथे तोर बिलवा बेटा दाई गाकर सबका मन मोह लिया। अध्यक्षता इंटैक के संयोजक दाऊलाल चंद्राकर ने की एवं कार्यक्रम के उद्देश्य को लेकर आधार व्यक्तव्य दिया। बतौर विशेष अतिथि आकाशवाणी रायपुर के नैमित्तिक उद्घोषक शशांक खरे



ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रेडियो की विश्वसनीयता, रेडियो की बड़ी पूंजी है। रेडियो एक अनुशासन, रेडियो एक जीवनशैली है। समाज और देश की तरक्की में रेडियो की अहम भूमिका रही है। शशांक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आगे कहा, कि रेडियो, सूचना, शिक्षा और मनोरंजन का एक सशक्त माध्यम ही नहीं है, अपितु रेडियो संस्कार भी देता है। विशेष अतिथि अशोक शर्मा ने कहा कि रेडियो सेट ट्रांजिस्टर विलुप्त प्राय सा जरूर है, लेकिन उन्नत सूचना प्रौद्योगिकीय तकनीक ने आकाशवाणी के प्रसारण को अधिक विस्तार दिया है। न्यूज आन एआईआर एप के माध्यम से अब हर एंड्रायड मोबाईल रेडियो सेट भी है। इससे आकाशवाणी के कार्यक्रम कहीं भी और कभी सुने जा सकते हैं। इस तकनीक से अब तो सामुदायिक रेडियो का चलन बढ़ा है। बतौर विशेष अतिथि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सौरिन चंद्रसेन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी अतिथियों के साथ ही नगर के एक मात्र रेडियो सुधारक बतौर विशेष अतिथि मुरलीधर नेभानी को शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने अनुभव सुनाये। रेडियो श्रोता ग्राम हिच्छा निवासी अदालत दास वैष्णव ने रेडियो सुनने से मिलने वाले लाभ के बारे में सविस्तार बताया। इसके अलावा इस अंचल के नियमित रेडियो श्रोता उत्तम दुबे, भीषम दास मानिकपुरी, सुभाष शर्मा, मनहरण लाल साहू, जीतू ध्रुव, गोवर्धन साहू, गीतेश्वरी साहू, मंगलू साहू के अलावा इंटैक के आजीवन सदस्य मानकलाल चंद्राकर, रघुनाथ सिन्हा उपस्थित रहे। संचालन रुपेश तिवारी एवं आभार प्रदर्शन इंटैक के सहसंयोजक बंधु राजेश्वर खरे ने किया।

## बरोंडाबाजार और बम्हनी धान खरीदी केंद्रों में पहुंचकर विधायक ने किया निरीक्षण



**महासमुंद**। सोमवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम बरोंडाबाजार एवं ग्राम बम्हनी स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही किसानों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सोमवार को धान खरीदी का जायजा लेने के लिए ग्राम बरोंडाबाजार एवं बम्हनी स्थित धान खरीदी केंद्र पहुंचे। वहां उपस्थित किसानों से बातचीत की। धान खरीदी की प्रत्येक प्रक्रिया को देखकर समिति कर्मचारियों से आवश्यक चर्चा की।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक का बेटा बना सहायक संचालक

**खल्लारी।** परिश्रम, संघर्ष, दृढ़ संकल्प की मिशाल पेश करते हुए खल्लारी क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम सोरम सिंघी के पेशे से शिक्षक डीएल बरिहा के पुत्र तुकेश कुमार बरिहा ने सीजीपीएससी में सफलता प्राप्त कर गांव, क्षेत्र, समाज का नाम रोशन किया है। बात दें कि तुकेश 11 वर्ष की आयु में ही माता पिता और अपने लगन के बल पर प्रथम प्रयास में ही यह मुकाम हासिल किया। जब उन्हें सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग का पद का मिलने की जानकारी गांव को हुई तो गांव व पूरे खल्लारी क्षेत्र में हर्ष का माहौल बन गया। तुकेश बरिहा ने बताया कि उन्होंने कुल 627.5 अंक अर्जित कर पद तक पहुंचा और इसमें माता, पिता सहित पूरा परिवार का खूब सारा आशीर्वाद मिला।

### छात्रों ने किया विद्युत सब स्टेशन का औद्योगिक भ्रमण

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत अध्ययनरत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर के सभी छात्र-छात्राओं को प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन और व्यावसायिक शिक्षक पुष्कर वर्मा और लीलाधर वर्मा के नेतृत्व में विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान में वृद्धि के उद्देश्य से ग्राम कुलिया कोमाखान के विद्युत सब स्टेशन का औद्योगिक भ्रमण करवाया गया। भ्रमण के दौरान छात्रों को विद्युत उत्पादन, वितरण प्रणाली, ट्रांसफार्मर की कार्यप्रणाली, सुरक्षा मानक तथा सब स्टेशन के संचालन सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर व्याख्याता परस राम सिन्हा, नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, नीलू सोनी, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान आदि मौजूद रहे।

# सोनाखान तहसीलदार ने किया निरीक्षण, किसानों की रकबा समस्या के त्वरित समाधान का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

सोनाखान तहसीलदार ईश्वर प्रसाद कैवर्त ने सोमवार को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बार-197 के धान उपार्जन केंद्र पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपार्जन केंद्र में बिक्री के लिए आए धान की नमी को नमीमापी यंत्र से परखा तथा किसानों की जीरो रकबा और रकबा कमी, त्रुटि संबंधी समस्याओं की विस्तृत जानकारी ली। समिति पोर्टल का अवलोकन करते हुए उन्होंने तत्काल सुधार के लिए कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कृषकों की इस समस्याओं को हरिभूमि प्रमुखता से प्रकाशित कर प्रशासन के संज्ञान में लाया था जिसकी परिणीति अधिकारी बारनवापारा पहुंचकर कृषकों की समस्या निदान में जुड़ गए हैं।

तहसीलदार कैवर्त ने बताया कि रविवार को किसानों की रकबा समस्या की जानकारी फोन के माध्यम से मिली थी, जिसके बाद उन्होंने सोमवार 24 नवंबर को स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि कुछ किसानों के रकबा संशोधन को तहसील मॉड्यूल एवं प्रबंधक कोड में तुरंत स्वीकृति मिल गई है। समिति


धान खरीदी से पहले किसानों की बढ़ी चिंता
रकबा शून्य और कटौती की है शिकायत
अधिकारियों के चक्कर काटने किसानों की मजबूरी, 25 नवम्बर तक पंजीयन-संशोधन की अंतिम तारीख



मॉड्यूल में सिस्टम अपलोडिंग के कारण बदलाव कुछ देर से दिखाई दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में समिति क्षेत्र में 228 किसानों के जीरो रकबा तथा 1140 किसानों के रकबा कमी, त्रुटि के प्रकरण लंबित हैं। सभी किसानों के आवेदन संशोधन के लिए लिया जा रहा है। पांच ऑपरेटरों की टीम को ड्यूटी पर लगाया गया है। सिस्टम की क्षमता के अनुसार डे-नाइट काम कर संशोधन पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। समय सीमा 25 नवंबर के संबंध में तहसीलदार ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सुधार कार्य जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीरो रकबा एवं कम रकबा वाले किसानों के धान विक्रय पर किसी प्रकार का वैकल्पिक विकल्प देना संभव नहीं है। शासन नियमों के अनुसार ही प्रक्रिया चलेगी। नोडल अधिकारी शशिकांत ने भी कहा कि ऐसे किसानों के धान विक्रय पर अंतिम निर्णय उच्च अधिकारियों द्वारा ही लिया जाएगा, किंतु स्थानीय स्तर पर त्वरित सुधार की पूरी कोशिश की जा रही है। निरीक्षण के दौरान किसान फूलसिंग दीवान, राजकुमार बरिहा (गुड़ागढ़), शिवप्रसाद ठाकुर (बार), बेदराम बरिहा (ढेबी) सहित कई किसानों ने अपनी रकबा संबंधी समस्याएं तहसीलदार के समक्ष रखीं, जिन पर उन्होंने समाधान का आश्वासन दिया।

### उपार्जन केंद्रों में अब तक की खरीदी

15 से 21 नवंबर तक बार उपार्जन केंद्र में 9 किसानों से 270 क्विंटल तथा 1 किसान से 50 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। वहीं 24 नवंबर को बार केंद्र में 7 किसानों को 391.20 क्विंटल तथा मोहदा केंद्र में 4 किसानों को 273.90 क्विंटल धान विक्रय के टोकन जारी किए गए। पूर्व वर्ष विपणन सत्र 2024-25 में बार उपार्जन केंद्र में 1677 किसानों से 91,560.80 क्विंटल तथा मोहदा में 1083 किसानों से 68,740.86 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी।

# मितानिन दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा, सम्मान समारोह भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम पंचायत जोगनीपाली में मितानिन दिवस मनाया गया। इस मौके पर ग्राम की सेवाभावी मितानिनों का सम्मान एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विशेष कार्यक्रम हुए। इस कार्यक्रम का नेतृत्व ग्राम पंचायत सचिव सरिता साहू ने किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथियों में सरपंच शिवकुमारी चौधरी, समाजसेविका अनीता चौधरी, महेंद्र चौधरी, कौशल्या चौहान, शोभा चौधरी, प्यारेलाल सिदार, भरतलाल चौधरी समेत पंचायत जोगनीपाली के सभी पंचों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश साहू ने किया।



मितानिन गंगाबाई सिदार, शशि तिर्की, विवेका बाई तथा बीआरपी सुजाता को उनके निरंतर सेवाभाव, स्वास्थ्य जागरुकता और ग्रामीण क्षेत्र में मातृ-शिशु स्वास्थ्य सुधार के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत द्वारा इन्हें साड़ी, श्रीफल तथा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अतिथियों ने मितानिनों के योगदान को अमूल्य बताते हुए कहा कि ग्रामीण स्वास्थ्य तंत्र का सतत संचालन मितानिनों के परिश्रम तथा जनसेवा से ही संभव है।

इस अवसर पर शुभा नर्सिंग होम सारागांव की मेडिकल टीम डॉ. सुजाता पटेल, डॉ. भगेश्वर पटेल डॉ. नितिन पटेल एवं सहयोगी टीम पंचायत भवन में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट, महिला स्वास्थ्य परामर्श सहित आवश्यक उपचार सेवाएं प्रदान की गईं। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। स्वास्थ्य टीम ने मितानिनों की भूमिका को विशेष बताते हुए कहा कि गाँवों में स्वास्थ्य सेवाएं समय पर लोगों तक पहुंचाने में मितानिन सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके इसी योगदान के सम्मान में शुभा नर्सिंग होम की टीम द्वारा मितानिन बहनों को उपहार एवं सम्मान भी प्रदान किया गया।

# जनजातीय समाज की परंपराएं, जीवन शैली और आध्यात्मिक आधुनिक समाज के लिए प्रेरणा स्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़

- **महाविद्यालय में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन**



शासन के निर्देशानुसार वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन में, एमएन सिदार (विभाग अध्यक्ष भूगोल एवं संयोजक जनजातीय गौरव समिति) के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ अशोक प्रधान (प्राध्यापक-मानव विज्ञान) पंडित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएस कश्यप ( सेवानिवृत प्राचार्य एवं सदस्य जनजातीय गौरव समिति), यूके बरिहा( विभाग अध्यक्ष राजनीति विज्ञान) मंचासीन रहे।

कार्यशाला का शुभारंभ मां शारदा, जननायक बिरसा मुंडा, वीरांगना रानी दुर्गावती, शहीद वीर नारायण सिंह के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर राजगीत के साथ किया गया। अतिथियों के परिचय एवं स्वागत के पश्चात कार्यशाला की प्रस्तावना एवं उद्देश्य के बारे में संयोजक एमएन सिदार द्वारा प्रकाश डाला गया। उद्बोधन एवं आशीर्वचन की कड़ी में मुख्य वक्ता डॉ अशोक प्रधान ने जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक विषय पर प्रकाश डाला उन्होंने धरती आबा अमर बलिदानी बिरसा मुंडा, भीमा नायक एवं शहीद वीर नारायण सिंह के ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक छवि पर प्रकाश डाला। अपने वक्तव्य में कहा कि जनजातीय समाज का अतीत न केवल भारत के इतिहास का अभिन्न हिस्सा है बल्कि उनकी परंपराएं जीवन शैली और आध्यात्मिक मान्यताएं आधुनिक समाज के लिए प्रेरणास्रोत भी है। प्राचार्य डॉ संध्या भोई ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थीयों एवं जन समुदाय को जनजातीय समाज की समृद्धशाली परंपरा से परिचित कराना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन पीतांबर बाघ (सदस्य जनजाति गौरव समिति) एवं आभार प्रदर्शन डीके माझी (सहायक प्राध्यापक वाणिज्य एवं सहसंयोजक जनजातीय गौरव समिति) ने किया।



**खबर संक्षेप**



### बिन्द्रावन में मितानिनों का किया गया सम्मान

**नर्रा।** ग्राम पंचायत भवन बिंद्रावन में 23 नवंबर को सरपंच गायत्री बाई ठाकुर की अध्यक्षता में मितानिन दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सभी मितानिनों का सम्मान श्रीफल से किया गया। इस दौरान मितानिन प्रशिक्षक अश्वनी देवांगन, मितानिन मंजू पटेल, ईश्वरी ठाकुर, गुनिता पांडे, राधिका टंडन, मुन्नी पांडे उपस्थित रहे।

### नक्टापार में कुराल पूजा महोत्सव आज

**नर्रा।** ग्राम नक्टापार में कुम्हार समाज द्वारा मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष कुराल पंचमी व चक्र पूजा महोत्सव 25 नवंबर मंगलवार को मनाया जाएगा। भगवान विष्णु की मूर्ति विराजित कर पुरोहित द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन होगा। इसके बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर रामायण कार्यक्रम होगा।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 20 तक नामांकन आमंत्रित

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025 के राज्य वीरता पुरस्कार के लिए साहसी बालक-बालिकाओं से नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार उन बच्चों को प्रदान किया जाएगा जिन्होंने किसी विशेष घटना में अदम्य साहस, शौर्य और बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए किसी व्यक्ति की जीवन रक्षा की हो या उसकी शारीरिक क्षति से बचाने के उद्देश्य से निःस्वार्थ कार्य किया हो। ऐसे कार्य अन्य बच्चों के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायी होने चाहिए।



### पूर्व सैनिक संगठन की बैठक हुई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में16 दिसंबर के दिन विजय दिवस मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर पूर्व सैनिक संगठन की बैठक हुई। अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि 16 दिसंबर के दिन भारत देश में विजय दिवस मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1971 में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। इस जीत की वजह से बांग्लादेश को अपना खुद का वजूद मिला था। कोई दिनों तक चले रहे थे। इस युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों और बांग्लादेशी मुक्ति वाहिनी ने अपनी जी जान लगा दी थी।

## जायजा : राज्य में सर्वाधिक 51 प्रकरणों में 5071 क्विंटल धान जब्त

# कलेक्टर ने विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों एवं अंतरराज्यीय चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने महासमुंद के बिरकोनी एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक क़ृषि एवं साख समिति जंगलबेड़ा, सिरबोड़ा, कुसमीसरार, तोरेसिंहा और अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट सिरपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान उपार्जन केंद्रों में धान बेचने आए किसानों से चर्चा कर उनसे धान उपार्जन केंद्र में लाये गये धान की मात्रा, धान का उत्पादन के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों द्वारा आज जारी टोकन के विरुद्ध लाई गई धान की आवक में नमी की जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अधिक नमी वाले धान को स्वीकार न किया जाए तथा नमी परीक्षण में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने केंद्र में 100 प्रतिशत गेट पास एंट्री अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही आज की तिथि तक



खरीदे गए धान की कुल मात्रा तथा उसके अनुरूप जारी किए गए बारदाने का भौतिक सत्यापन भी कराया गया।

इन केंद्रों में उन्होंने किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी केंद्र में स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, किसानों के बैठने के लिए छायादार स्थान, त्रुटिरहित धान खरीदी हेतु कांटा-बांट अथवा इलेक्ट्रॉनिक कांटा का सत्यापन आदि का जायजा लिया। साथ ही उपार्जन केंद्रों में कैप कवर, बारदाने की व्यवस्था, कंप्यूटर सेट, प्रिंटर, इंटरनेट सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाएं भी देखी। इसके अलावा कलेक्टर ने प्राधिकृत अधिकारी को पर्याप्त संख्या में हमाल उपलब्ध कराने, प्रतिदिन खरीदी गई मात्रा का नियमित स्टैकिंग करने तथा प्रत्येक बोरे पर अनिवार्य रूप से स्टेंसिल लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि खरीदी कार्य सुचारू, पारदर्शी और किसानों के हित में संचालित हो, इसके लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केंद्र में सतत निगरानी रखते हुए धान खरीदी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के सख्त निर्देश दिए हैं। केंद्रों में कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

### जिले के 155 केंद्रों में 2 लाख 5 हजार 453 क्विंटल धान की खरीदी

इस दौरान कलेक्टर लंगेह ने अंतरराज्यीय चेक पोस्ट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को चेकिंग व्यवस्था को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वाहनों की आवाजाही, दस्तावेजों की जाचं, इंटर स्टेट मूवमेंट रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उपस्थिति रजिस्टर का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को सतत निगरानी करते हुए अवैध परिवहन करते वाहन पाए जाने पर तत्काल सीज कर प्रकरण दर्ज करने तथा संदेहास्पद गतिविधियों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। बिरकोनी में निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अक्षा गुप्ता, सरायपाली में अनुविभागीय अधिकारी अनुपमा आनंद, संबंधित तहसीलदार, खाद्य, सहकारिता एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का आज 9वां दिन हैं। जिले के 130 समितियों के 182 उपार्जन केंद्रों में से 155 केंद्रों में आज दिनांक तक 2 लाख 5 हजार 453 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में सभी उपार्जन केंद्रों में किसानों से निर्बाध रूप से धान खरीदने की पूरी तैयारी की गई है। वहीं जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने संयुक्त टीम द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। अब तक की गई कार्रवाई से कुल 51 प्रकरणों में 5071 क्विंटल धान जब्त किया गया है। जो राज्य में सर्वाधिक है।

## एसआईआर के लिए भाजपा ने बनाई समिति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर के लिए भारतीय जनता पार्टी महासमुंद विधानसभा में समिति का गठन किया गया। जानकारी देते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं भाजपा महासमुंद विधानसभा के बीएलए 1 देवीचंद राठी ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू द्वारा टीम की संरचना की गई है।

समिति में स्वयं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के अलावा 3 सदस्य देवीचंद राठी, लक्ष्मीकांत तिवारी बेलसोंडा, शम्मी सलूजा झलप होंगे। इसके अलावा महासमुंद विधानसभा के पांच मंडल में ग्रामीण मंडल पवन पटेल पूर्व नपाध्यक्ष, तुमगांव मंडल राकेश चंद्राकर प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा, पटेवा सिरपुर मंडल मोती साहू वरिष्ठ भाजपा नेता, झलप मंडल धरम पटेल भाजपा नेता, शहर मंडल में देवीचंद राठी प्रभारी होंगे। विधानसभा में लक्ष्मीकांत तिवारी को सहप्रभारी बनाया गया। इसके अलावा पांचों मंडल के अध्यक्ष क्रमशः महेंद्र सिका, दिग्विजय साहू, तेजेंद्र शर्मा, डिगेश्वरी चंद्राकर, चंद्रहास चंद्राकर (गोलू) तथा मंडलों के महामंत्री भी समिति में होंगे। देवीचंद ने बताया कि उक्त समिति पूरे विधानसभा में एसआईआर की मानिटरिंग कर रही है।

अभी तक पांचों मंडल के एसआईआर का प्रशिक्षण कार्यशाला हो गई है। विधानसभा के 246 बूथ केंद्रों में बैठक अधिकांश जगहो में हो चुकी है। पार्टी को बूथ स्तर के प्रभारी, बीएलओ 2 मतदाताओं के बीच पहुंचकर सहयोग कर रहे है। डोर टू डोर मतदाताओं के बीच कार्यकर्ता पहुंच रहे है। मतदाताओं से शीघ्र गणना प्रपत्र निर्वाचन आयोग के बीएलओ के पास जमा कर पावती लेने की अपील कर रहे है। नए मतदाताओं से फार्म 6 भरने को कहा जा रहा है, जो मतदाता बाहर चले गये या मृत है, ऐसे लोगों के नाम निरस्त का अलग फार्म भरा जा रहा है।

## 40 विद्यार्थियों को दिया गया ब्यूटीशियन प्रशिक्षण



**महासमुंद।** शहर के वार्ड नंबर 16 पुराना रावण भाठा में महिलाओं व युवतियों को कौशल सीखने ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण दिया गया। पूनम सेवा संस्था व वैभवी वेलफेयर एंड एजुकेशन सोसाइटी व वार्ड पार्षद के सौजन्य से लगभग 40 विद्यार्थियों ने कौशल प्रशिक्षण लिया। कक्षाएं पूर्ण होने पर विद्यार्थियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया। साथ ही शिक्षिका अदिति चंद्राकर व पार्षद धनेंद्र चंद्राकर को आगे भी ऐसे ही प्रशिक्षण प्रदान करने की बात कही।

# महतारी वंदन के नाम पर महिलाओं के साथ धोखा कर रही सरकार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रदेश की लाखों महिलाओं को महतारी वंदन के नाम पर ठगने का आरोप भाजपा सरकार पर लगाते हुए कहा कि किसी भी महिला हितग्राही को इस योजना का लाभ नियमित नहीं मिल पाया है। इस माह नवंबर में शहर के ही सैकड़ों महिलाओं को महतारी वंदन की राशि नहीं मिली है। शहर का ये हाल है तो पूरे जिला व प्रदेश की क्या स्थिति होगी सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



चंद्राकर ने कहा कि नयापारा क्षेत्र के संतोषी साहू, कुमारी यादव, रेखा जगत, कुमुद मरकाम, सुभाष नगर क्षेत्र के रूकमणी बाई, ममता, लछनी, रेवती, दुलारी बाई सहित शहर के विभिन्न वार्ड के सैकड़ों महिला हितग्राहियों के बैंक खाते में इस माह महतारी वंदन की राशि नहीं आई है। महिलाओं का कहना है कि जब से योजना शुरू हुई है तब से प्रतिमाह राशि नहीं आती। कभी 2 माह में एक बार तो कभी 3 माह में एक बार राशि पहुंच रही है। 23 माह में योजना से जुड़ी लाखों महिलाओं को राशि प्राप्त नहीं हो रही है। योजना से वंचित शेष 45 प्रतिशत महिलाओं के अलावा नवविवाहित महिलाओं को नाम जोड़ने का अवसर भी नहीं दिया जा रहा।

# ओउपार्जन केंद्र सांकरा में विधिवत पूजा कर धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सांकरा

धान उपार्जन केंद्र सांकरा में धान खरीदी उत्सव 2025 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष, सहकारी समिति के अध्यक्ष, सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

जनपद अध्यक्ष उषा पुरषोत्तम धृतलहरे ने विधिवत पूजा-अर्चना कर खरीदी उत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान सरपंच सांकरा सतपाल सिंह छाबड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, जनपद सदस्य सांकरा कवलजीत



छाबड़ा पम्मी, जनपद सदस्य सगुनधाप अजय अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के समापन में सोसायटी अध्यक्ष सांकरा प्रहलाद पटेल व सभी किसानों और जनसमूह के उत्साहपूर्ण धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत पिथौरा अध्यक्ष उषा धृतलहरे, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, सांकरा सरपंच सतपाल छाबड़ा, जनपद पंचायत पिथौरा अध्यक्ष प्रतिनिधि व जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, सांकरा सोसायटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, जनपद सदस्य सांकरा कवलजीत छाबड़ा पम्मी, जनपद सदस्य अजय अग्रवाल, सांकरा मंडल अध्यक्ष हलधर साव, महामंत्री मनोज बारीक, वरिष्ठ भाजपा नेता कलपराम साहू, सरपंच देवसराल रोहित नायक, सुशील प्रधान, सत्पत सिंह सिदार, गजेंद्र चौधरी, सत्यवान साहू, संजय साहू आदि मौजूद रहे।

## किसान हित में एग्रीस्टैक पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त करें सरकार

**महासमुंद।** पूर्व पार्षद व समाज सेवी पंकज साहू ने शासन से मांग की है कि



एग्री स्टैक पंजीयन में किसानों को आ रही दिक्कतों को देखते हुए पंजीयन की तिथि आगे बढ़ाई जाए। साथ ही धान बेचने के लिए एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन की अनिवार्यता को खत्म किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य निर्माण के बाद से कभी भी इस तरह से किसानों को अपनी उपज बेचने परेशान नहीं किया गया। आज तहसील दफ्तर में किसानों की भीड़ देखकर साहू ने तहसीलदार से इस समस्या को लेकर चर्चा की। इस पर तहसीलदार का कहना था कि उन्होंने अपना काम कर दिया है। अब जो भी त्रुटि सामने आ रही है, वह सर्वर व पोर्टल की समस्या है, इसे एनआईसी रायपुर द्वारा ही समाधान किया जा सकता है।

## सुदूर उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी, किसान संतुष्ट

**महासमुंद।** राज्य शासन के मंशानुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025-26



अंतर्गत कृषक उन्नति योजना के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी बिना किसी रुकावट के तेजी से जारी है। जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार अब धान खरीदी में तेजी आई है और किसानों के चेहरे पर संतोष दिखाई दे रहा है। धान विक्रय करने पहुंचे सराईपाली विकासखंड के धान उपार्जन केंद्र जंगलबेड़ा में ग्राम राजाडीह के किसान सुपारीलाल ओगरे ने 60 क्विंटल धान का विक्रय किया। सुपारीलाल ने बताया कि अब पूरी व्यवस्था बहुत अच्छी हो गई है। टोकन कटवाने से लेकर धान तौलाने और भुगतान तक में कोई परेशानी नहीं हुई। सब कुछ बहुत आसानी से हो गया। उन्होंने बताया कि धान विक्रय से प्राप्त राशि का वे दलहनी फसलों की खेती में उपयोग करेंगे। इसी क्रम में राजाडीह गांव के एक अन्य लघु किसान यादवशंकर बारी ने 7.20 क्विंटल धान बेचा।

## जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य सतत रूप से जारी, 50 प्रतिशत तक पहुंचा डिजिटाइजेशन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 04 नवंबर 2025 से शुरू हो चुका है। इसी क्रम में महासमुंद जिले के चारों विधानसभा सरापाली-39, बसना-40, खल्लारी-41 एवं महासमुंद-42 में कुल 1083 बीएलओ द्वारा निर्वाचक गणना प्रपत्रों का लगभग शत प्रतिशत वितरण पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही जिले में प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो अब तक 52 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने सभी बीएलओ को एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जिले में कुल 8 लाख 86 हजार 422 मतदाता पंजीकृत है, इनमें 8 लाख 77 हजार 556 मतदाताओं के घर-घर जाकर निर्वाचक गणना प्रपत्रों का वितरण एवं सत्यापन कार्य पूरा हो चुका है। जिसमें सरायपाली विधानसभा अंतर्गत 2 लाख 14 हजार 204 मतदाता, बसना में 2 लाख 28 हजार 143, खल्लारी में 2 लाख 21 हजार 533 एवं महासमुंद विधानसभा अंतर्गत 2 लाख 13 हजार 676 मतदाता शामिल है। साथ ही अब तक 4 लाख 63 हजार 546 गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। जिसमें सरायपाली अंतर्गत 58 प्रतिशत, बसना अंतर्गत 61.34 प्रतिशत, खल्लारी अंतर्गत 55 प्रतिशत एवं महासमुंद अंतर्गत 33.89 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है।

# शहर विकास को लेकर नपाध्यक्ष ने की नगरीय निकाय के संयुक्त निदेशक से विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

नगरीय प्रशासन विभाग के संयुक्त निदेशक एसके सुंदरानी का आगमन नगर पालिका महासमुंद में हुआ। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष कक्ष में सुंदरानी के साथ सीएमओ की उपस्थिति में नपाध्यक्ष ने शहर विकास को लेकर चर्चा की। उन्होंने उन्हें नगर विकास के आगामी कार्य योजना से अवगत कराया। उन्होंने संयुक्त निदेशक नगरीय प्रशासन से शहर की प्रमुख मांग न्यू बस स्टैंड



की स्वीकृति तत्काल करने आग्रह किया। उन्होंने बस स्टैंड की समस्या बताते हुए कहा कि शहर की आबादी व यात्रियों के आवाजाही को देखते हुए एक सुव्यवस्थित बस स्टैंड की आवश्यकता है। स्थल का चिन्हांकन कर लिया गया है। स्वीकृति मिलते ही नई बस स्टैंड निर्माण की दिशा में कार्य में गति आएगी। इसके अलावा अन्य विकास कार्यों, निर्माण कार्यों, जन सुविधा के लिए आवश्यक गतिविधियों को आगे बढ़ाने सहयोग की अपील की। इस दौरान सीएमओ अशोक सलामे उपस्थित रहे।

# एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर सम्मानित

## जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने सरायपाली के बीएलओ को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार संपूर्ण छत्तीसगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है। सरायपाली विधानसभा में भी एसडीएम सरायपाली अनुपमा आनंद (आईएएस) के मार्गदर्शन में एसआईआर की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। अभी सभी बीएलओ द्वारा गणना पत्रक वितरण कर घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाकर बीएलओ एप में ऑनलाइन किया जा रहा है। उक्त कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मतदान केंद्र जटा कन्हार केंद्र क्रमांक 207 के बूथ लेवल अधिकारी यमुना सिदार ने संपूर्ण जिले में 100 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइजेशन पूर्ण करने वाले प्रथम बीएलओ होने का गौरव प्राप्त किया। उनके इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय लंगेह द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं शाल-श्रीफल से सम्मानित किया गया।

इसी तरह से नगरीय क्षेत्र में



सर्वाधिक फॉर्म डिजिटलाइजेशन की सराहनीय उपलब्धि हासिल करने के लिए मतदान केंद्र बस्ती सरायपाली, केंद्र क्रमांक 136 के बीएलओ रेणुका साहू को भी कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार संपूर्ण विधानसभा में सर्वाधिक फॉर्म डिजिटलाइजेशन करने की उपलब्धि प्राप्त करने हेतु मतदान केंद्र छिंदपाली, मतदान केंद्र क्रमांक 178 की बीएलओ उषा भाई को भी कलेक्टर लंगेह द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया एवं बीएलओ सुपरवाइजर विकास सिंह चंद्रा को भी अपने बीएलओ से उत्कृष्ट कार्य करवाने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुपमा आनंद तथा तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्रीधर पंडा, नायब तहसीलदार हरिप्रसाद भोई भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने हेतु तहसील सरायपाली के संपूर्ण टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में और अच्छा कार्य करते हुए एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इससे प्रेरित होकर शेष बीएलओ भी अपने कार्य का समय सीमा में पूर्ण करें।

